G नगर •
वर्ष 17 | अंक 73 | पृष्ठ : 24
मूल्य : साढ़े तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 22 जून 2019

संसद | दिल्ली-एनसीआर

अमर उजाला | हॉट सिटी | amarujala.com | नई दिल्ली | शनिवार, 22 जून 2019 | 4

# सोसायटियों में रेजिडेंट्स ने किया योग

**साहिबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गौर्स ग्रुप के कर्मचारियों ने इंदिरापुरम के पार्क में सामूहिक योग किया। करीब 200 लोगों ने योग के भिन्न-भिन्न प्रारूपों का अभ्यास किया। वसुंधरा सेक्टर 4 स्थित मनोकामना अपार्टमेंट में सभी निवासियों ने सेंट्रल पार्क में योग किया। आरडब्ल्यूए के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। वैशाली स्थित मेट्रो सूट्स में भी आरडब्ल्यूए की ओर से योग शिविर आयोजित किया गया। सोसायटी में लगे योग शिविर के दौरान पारस अस्पताल के सहयोग से यहां भी निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। वैशाली की अमन कासल रेजीडेंशियल सोसायटी में भी योग शिविर आयोजित किया गया। योग गुरु राम यादव ने यहां लोगों को योग कराया। ज्ञानखंड में शिवम योगा क्लासेज की ओर से योग कराया गया। इंदिरापुरम ज्ञानखंड एक स्थित सहज इंटरनेशनल स्कूल में हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट की ओर से तीन दिवसीय योग शिविर लगाया गया। वसुंधरा के ऑलिव काउंटी सोसायटी के सेंट्रल पार्क में भी आरडब्ल्यूए के सहयोग से योग दिवस बनाया गया, यहां भी सैकड़ों लोगों ने सामूहिक तौर पर योग किया। वसुंधरा के सिंडीकेट आशियाना रेजीडेंट्स में भी सैकड़ों लोगों शिविर में उपस्थित हुए। राजेंद्र नगर सेक्टर-2 के ब्लॉक-1 के सद्भावना पार्क में भी कैंप लगा। राजेंद्र नगर सेक्टर पांच में योगाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने लोगों को योद कराया। शालीमार गार्डन के विक्रम इंक्लेव एक्सटेंशन स्थित प्रयास पार्क में योग शिविर लगा। वसुंधरा के सेक्टर तीन स्थित पुस्तकालय में सामाजिक संस्था सार्थक प्रयास की ओर से शिविर लगाया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गौर्स ग्रुप के कर्मचारियों ने इंदिरापुरम के पार्क में सामूहिक योग किया। करीब 200 लोगों ने योग के भिन्न-भिन्न प्रारूपों का अभ्यास किया।